सेंट मोन्टफोर्ट स्कूल में ''वन डे हाइक''27.09.2018

सेन्ट मोन्ट फोर्ट स्कूल में दिनांक 27 सितम्बर 2018 को कक्षा सातवीं के छात्र /छात्राओं ने वन डे हाइकिंग में भाग लिया। कक्षा सातवीं के लगभग 200 छात्र /छात्राओं को एक रैली के रूप में गाँधी नगर ट्रेनिंग सेन्टर तथा योद्धा स्थल पर ले जाया गया। छात्र – छात्राओं की बसें सुबह 7:30 बजे विद्यालय प्रांगण से रवाना हुई जिसे संस्था के प्राचार्य ब्रदर मोनाचन के द्वारा हरी– झण्ड़ी दिखाकर रवाना किया गया।

इन छात्र – छात्राओं के साथ सभी कक्षा शिक्षकाएँ तथा स्काउट एण्ड गाइड के सभी शिक्षक भी थे। गाँधी नगर ट्रेनिंग सेन्टर में छात्र – छात्राओं को विभिन्न संकेत चिह्नों की जानकारी दी गई । इन चिह्नों के द्वारा अपने लक्ष्य तक पहुँचने की जानकारी प्राप्त होती है।

योद्धा –स्थल पर सैनिकों की गतिविधियों की जानकारी दी गई। देश के लिए कार्य करने और अपनी मातृभूमि के लिए जान तक दे देने की भावना से छात्र–छात्राएँ एवं उपस्थित शिक्षक अभिभूत हो गए। दोपहर का भोजन अपने साथ लाए गए टिफिन से छात्रों और शिक्षकों ने किया। सभी छात्र योद्धा स्थल तथा ट्रेनिंग सेन्टर को देखकर बहुत प्रसन्न एवं उत्साहित थे। सभी शिक्षकों ने छात्रों की सुरक्षा एवं भोजन के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाई तथा विद्यालय समय में सभी छात्र वापस आ गए।